**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 सोमवार** **दिनांक 27.05.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

**1– छत्तीसगढ़ सरकार ने जीएसटी नियमों में बदलाव करते हुए राज्य की सीमा में ई–वे बिल में दी गई छूट को किया समाप्त।**

**2– बेमेतरा जिले में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट के बाद जिला प्रशासन के अनुसार आठ लोग लापता–सेना की तकनीकी टीम के मार्गदर्शन में मौके से मलबा हटाने का काम पूरा हुआ।**

**3– पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित हेमचंद मांझी को माओवादियों द्वारा कथित रूप से धमकी दिए जाने के बाद राज्य सरकार ने उन्हें वाय श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराई।**

**4– मौसम विभाग के अनुसार कल मध्य छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद आदि जिलों में चल सकती है लू।**

**<u>ई–वे बिल–छूट</u>**

छत्तीसगढ़ सरकार ने जीएसटी नियमों में बदलाव करते हुए राज्य की सीमा में ई–वे बिल में दी गई छूट को समाप्त कर दिया है। इसके लिए हाल ही में अधिसूचना जारी कर दी गई है। राज्य के व्यवसायियों के लिए अब पचास हजार रूपए मूल्य से अधिक के माल का परिवहन करने पर ई–वे बिल जनरेट करना आवश्यक होगा। अभी तक राज्य में एक जिले के भीतर माल के परिवहन करने पर ई–वे बिल जारी करना जरूरी नहीं था।

**<u>बेमेतरा–फैक्ट्री विस्फोट</u>**

बेमेतरा जिले के पिरदा में स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड फैक्ट्री में बीते पच्चीस मई को हुए विस्फोट के बाद से आठ लोग लापता हैं। जिले के कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बताया कि सेना की टेक्निकल टीम की निगरानी में घटनास्थल से मलबा हटाने का काम पूरा हो गया है। मौके से मानव अंगों के अवशेष मिले हैं। इन अवशेषों को डीएनए टेस्ट के लिए भेजा जाएगा।

गौरतलब है औद्योगिक उपयोग के लिए बारूद बनाने वाली इस फैक्ट्री में बीते शनिवार को विस्फोट हो गया था। इस घटना में आधिकारिक रूप से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं, छह अन्य लोग घायल हुए हैं।

इस बीच, कंपनी प्रबंधन की ओर से मृतकों के परिजनों को तात्कालिक रूप से पांच–पांच लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है। राज्य सरकार ने भी इस दुर्घटना में मारे गए लोगों को पांच लाख रूपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी।

वहीं, सेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि बेमेतरा कलेक्टर के अनुरोध पर सेंट्रल ऑर्डिनेंस डिपो–सी.ओ.डी., जबलपुर की एक टीम कल घटनास्थल पहुंची थी। इस टीम का नेतृत्व मेजर जयदीप कर रहे थे। इसमें एक जेसीओ और दो एम्युनेशन टेक्निकल कर्मी शामिल थे। सेना की इस टीम ने फैक्ट्री परिसर में विस्फोटकों के भंडारण सुविधाओं वाले सभी स्थानों का दौरा किया। घटनास्थल का जायजा लेने के बाद सेना की टीम की ओर से कहा गया है कि परिसर में भंडारित विस्फोटकों से अब विस्फोट का कोई खतरा नहीं है। साथ ही सेना के विशेषज्ञों ने परसों हुए विस्फोट के बाद पी.ई.टी.एन. विस्फोटक का जो हिस्सा बच गया था और उसे पानी में डुबाकर रखने, कैनटेरों से रिसे नाइट्रिक एसिड को पानी से भिगोने तथा इस क्षेत्र में आम लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित करने की सलाह दी है।

**<u>सौम्या चौरसिया–जमानत</u>**

कोयला घोटाला और मनी लॉड्रिंग केस में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री की उपसचिव सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत नहीं मिल पाई है। जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश एन के व्यास की बेंच में हुई। सौम्या चौरसिया ने बच्चों की परवरिश के आधार पर जमानत मांगी है। मामले की अगली सुनवाई अब 10 जून के बाद होगी।

गौरतलब है कि कथित कोयला घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया को मनी लॉड्रिंग के केस में ईडी ने दो दिसंबर दो हजार बाईस को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से सौम्या चौरसिया रायपुर के सेंट्रल जेल बंद हैं।

इस बीच, कोयला घोटाले में गिरफ्तार आरोपी रानू साहू और सौम्या चौरसिया की रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है। न्यायालय ने तीन जून तक पुलिस रिमांड पर उन्हें ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है।

## पद्मश्री हेमचंद माझी–सुरक्षा

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित नारायणपुर जिले में रहने वाले हेमचंद मांझी को माओवादियों द्वारा कथित रूप से धमकी दिए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा उन्हें वाय श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। इस संबंध में राज्य के गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

गौरतलब है कि राज्य शासन ने प्रोटेक्शन रिव्यू ग्रुप की बैठक में हेमचंद मांझी को सुरक्षा श्रेणी प्रदान किए जाने की अनुशंसा की थी। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर यह आदेश जारी किया गया है।

नारायणपुर जिले में छोटेडोंगर के रहने वाले वैद्य हेमचंद मांझी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से लोगों का उपचार करते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए बीते बाईस अप्रैल को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

सूत्रों के अनुसार नक्सलियों ने हाल ही में पर्चे फेंककर हेमचंद मांझी को धमकी दी है। इसके बाद राज्य सरकार ने उनकी सुरक्षा बढ़ाते हुए उन्हें वाय श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है।

## सौम्या चौरसिया–जमानत

कोयला घोटाला और मनी लॉड्रिंग केस में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री की उपसचिव सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत नहीं मिल पाई है। जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश एन के व्यास की बेंच में हुई। सौम्या चौरसिया ने बच्चों की परवरिश के आधार पर जमानत मांगी है। मामले की अगली सुनवाई अब 10 जून के बाद होगी।

गौरतलब है कि कथित कोयला घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया को मनी लॉड्रिंग के केस में ईडी ने दो दिसंबर दो हजार बाईस को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से सौम्या चौरसिया रायपुर के सेंट्रल जेल बंद हैं।

इस बीच, कोयला घोटाले में गिरफ्तार आरोपी रानू साहू और सौम्या चौरसिया की रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है। न्यायालय ने तीन जून तक पुलिस रिमांड पर उन्हें ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है।

## राज्यपाल–छत्तीसगढ़ी भाषा सदस्य मुलाकात

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र विकास समिति के अध्यक्ष रितुराज साहू के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को राज्य में शिक्षा, शासकीय कामकाज और रोजगार के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

## शाला प्रवेश उत्सव

प्रदेश में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन अट्ठारह जून से किया जाएगा। इसी कडी में गौरेला पेण्ड्रा–मरवाही जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने शाला प्रवेश उत्सव की प्रारंभिक तैयारियों और प्रचार प्रसार के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारियों और संबंधित विभागों को दिए हैं। कलेक्टर ने शाला प्रवेश उत्सव शुरू होने के पहले शाला भवन और कक्षाओं की साफ–सफाई के साथ ही मरम्मत करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने ने शाला प्रवेश उत्सव का विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार करने के लिए भी कहा है।

## यूपीएससी–मॉक टेस्ट

यूपीएससी–दो हजार चौबीस के लिए कल रायपुर में आयोजित निशुल्क मॉक टेस्ट में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। युवाओं ने कहा कि ऐसे आयोजन के लिए जिला प्रशासन की पहल से प्रतिभागियो को काफी मदद मिलेगी। सामान्य ज्ञान और सी–सेट के पेपर के माध्यम से यूपीएससी की तैयारी में प्रतिभागियों को सहायता मिलेगी।

गौरतलब है कि यह मॉक टेस्ट ऑफ लाइन हुआ। इसमें दो सौ अट्ठारह प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया था और दो पालियों में यह परीक्षा ली गई। मॉक टेस्ट का प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनो भाषा में हुआ। रायपुर जिला प्रशासन द्वारा मॉक टेस्ट के बाद प्रश्नों के विस्तृत उत्तर भी प्रदान किए गए।

## हत्या–चक्काजाम

बलरामपुर जिले के ग्राम डूमरखी के जंगल में एक युवक और युवती का शव मिला है। पुलिस के अनुसार युवक और युवती के शव को जलाने का प्रयास भी किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस बीच, दोहरे हत्याकांड के विरोध में स्थानीय लोगों ने बलरामपुर के मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीन सौ तिरालीस पर चक्काजाम के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

चक्काजाम की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। बाद में प्रशासन की समझाईश के बाद चक्काजाम को समाप्त किया गया।

**<u>दुर्घटना</u>**

कोरिया जिले के धौराटिकरा मोड़ के पास मजदूरों से भरी एक पिकअप पलट गई। पिकअप में तीस मजदूर सवार थे। बताया जा रहा है कि पिकअप में ग्राम सोस से मजदूरों को लाया जा रहा था। घटना में पिकअप सवार कुछ लोगों को आई मामूली चोटें आई हैं।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा कबीरधाम में हुई सड़क दुर्घटना के बाद यात्री ढोने वाले मालवाहकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। रायपुर में भी ओवर लोडिंग और यात्री परिवहन करने वाले मालवाहकों के खिलाफ जांच अभियान चलाया जा रहा है। रायपुर आरटीओ द्वारा माल वाहनों में यात्रियों का परिवहन करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि इक्कीस मई से शुरू हुए इस जांच अभियान में अब तक पच्चीस से अधिक वाहनों पर कार्यवाही की जा चुकी है।

**<u>बैंक–चोरी/लूट</u>**

जांजगीर–चांपा जिले के बलौदा स्थित जर्वे गांव में ग्रामीण बैंक में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने बैंक का कम्प्यूटर सिस्टम चोरी कर लिया, लेकिन नगद राशि की चोरी करने में असफल रहे। चोरों ने कटर से बैंक के सीसीटीवी का केबल काटा। इसके बाद दरवाजे का ताला तोड़कर वे बैंक के अंदर घुसे। पुलिस की टीम डॉग स्क्वायड की मदद से जांच में जुटी है।

उधर, राजनांदगांव जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम चिचोला के पास एक पेट्रोल पंप के मैनेजर से चौदह लाख रूपए की लूट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इस दौरान आरोपियों ने मैनेजर के साथ मारपीट भी की। पुलिस नाकेबंदी कर आरोपियों की पतासाजी कर रही है। आईजी दीपक झा ने पूरे मामले की बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए हैं।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश में गर्मी के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिनों में मध्य छत्तीसगढ़ में ग्रीष्मलहर चलने की संभावना है। उत्तर–पश्चिम से आने वाली गर्म और शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश के अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है।

कल अट्‌ठाईस मई को गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला–मानपुर, खैरागढ़, बालोद, बेमेतरा और कबीरधाम जिलों के कुछ इलाकों में लू चलने की चेतावनी दी गई है। साथ ही रात का तापमान भी तीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रहेगा।

गौरतलब है कि रविवार को प्रदेश का सर्वाधिक तापमान बेमेतरा जिले में चवालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– जांजगीर–चांपा जिले के महुदा गांव स्थित हसदेव नदी में डूबे एक युवक का अब तक पता नहीं चल पाया है। गोताखोरों की मदद से एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश कर रही है।

– कोंडागांव के फरसगांव पुलिस ने गांजा तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक ट्रक में ले जाया जा रहा ग्यारह लाख रूपए का बाईस पैकेट गांजा जब्त किया गया है।

– जांजगीर के अकलतरा के तरौद में स्थित महानदी पॉवर प्लांट में मजदूर यूनियन के आह्वान पर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर टूल डाउन हड़ताल की जा रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>